दिनांक : 07.05.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑ□रेशन सिंदूर' की □हली वर्षगांठ □र देश के वीर सैनिकों के □राक्रम को सलाम किया। उन्होंने 'एक्स' □र लिखा कि एक साल □हले हमारी सेनाओं ने अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल□ के साथ □हलगाम में निर्दोष भारतीयों □र हमला करने वालों को करारा जवाब दिया था। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद को हराने और उसे □न□ाने वाले □ूरे तंत्र को नेस्तनाबूद करने के संकल□ □र हम आज भी उतने ही अडिग हैं। वहीं दूसरी तरफ श्री मोदी ने 'एक्स' □र अ□नी प्रोफाइल फोटो बदलकर ऑ□रेशन सिंदूर का लोगो लगाया, जिसके बाद केंद्रीय मंत्रियों और भाज□ा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी यही किया।

**मुख्यमंत्री- सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भो□ाल के रानी कमला□ति रेलवे स्टेशन से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' के □हले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्कृति विभाग की इस यात्रा में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से 1100 श्रद्धालु शामिल हुए। यह ट्रेन भो□ाल और उज्जैन से तीर्थयात्रियों को लेकर सोमनाथ के लिए रवाना हो गई। 11 मई को यह दल सोमनाथ महादेव के दर्शन कर वा□स लौटेगा। इस अवसर □र मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में भी धार्मिक और आध्यात्मिक □र्यटन को बढ़ावा मिल रहा है और सरकार विभिन्न तीर्थों की यात्रा की सुविधा उ□लब्ध करा रही है।

**नगर निगम -मुख्यालय**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भो□ाल नगर निगम के नए अत्याधुनिक मुख्यालय 'अटल भवन' का लोका□ण किया। तुलसी नगर सेकंड स्टॉ□ □र बना यह 8 मंजिला भवन 43 करोड़ रु□ए की लागत से तैयार हुआ है और इसे ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट □र बनाया गया है। अब तक शहर के करीब 10 अलग-अलग जगहों □र चल रहे नगर निगम के दफ्तर अब एक ही छत के नीचे आ गए हैं, जिससे आम

लोगों को अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने □ड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने नीमच जिले में नगर निगम के 10.5 मेगावॉट के सोलर प्रोजेक्ट का भी लोकार्□ण किया।

**सामूहिक विवाह सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भो□ाल स्थित मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में विवाह जन्म-जन्मांतर का □वित्र बंधन है और सामूहिक विवाह सामाजिक सद्भाव, सहयोग और सामूहिक चेतना का एक सशक्त प्रतीक है।

**पश्चिम बंगाल- शपथ ग्रहण**

□श्चिम बंगाल में नवनिर्वाचित भाज□ा सरकार का श□थ ग्रहण समारोह शनिवार सुबह 10 बजे कोलकाता के ब्रिगेड □रेड ग्राउंड में होगा। राज्य भाज□ा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने बताया कि समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाज□ा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। नवनिर्वाचित विधायक आज अ□ने संसदीय दल के नेता का चुनाव करेंगे। भट्टाचार्य ने यह भी स्□ष्ट किया कि ममता बनर्जी इस्तीफा दें या न दें, श□थ ग्रहण □ूरी तरह संवैधानिक प्रक्रिया के तहत होगा।

**मौसम**

प्रदेश में □िछले सात दिनों से आंधी-बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, रीवा, सतना समेत 11 जिलों में आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय रहने से यह मौसम अगले 2 दिन तक बना रहेगा, हालांकि 9 और 10 मई को □ूरे प्रदेश में कड़ी गर्मी □ड़ने के आसार हैं और कई शहरों में □ारा 43 डिग्री तक □हुंच सकता है। भो□ाल, इंदौर, उज्जैन और जबल□ुर समेत 44 जिलों में गर्मी का असर भी रहेगा। 10 मई से एक नया मौसम सिस्टम फिर एक्टिव हो रहा है जिसका असर 2 दिन बाद दिख सकता है।

**संक्षिप्त समाचार**

- आगरमालवा जिले से आज “सोमनाथ स्वाभिमान □र्व” के अंतर्गत 50 चयनित यात्रियों को उज्जैन रेल्वे स्टेशन रवाना किया गया।
- जबल□ुर नगर निगम आयुक्त और कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के हर वार्ड में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।
- छिंदवाड़ा ज़िले के छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर एवं जुन्नारदेव स्थित विद्युत न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- नर्मदा□ुरम ज़िले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला क्षय केंद्र में 10 टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए।